अवधेश प्रताप सिहं विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)

अधिसूचना

क्रमांक/परीक्षा/2019/...642 रीवा, दिनांक 22/8/19

सत्र 2019–20 में स्नातक प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं द्वारा एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु पंजीयन कराया जाना है। पंजीयन के पश्चात ही नामांकन क्रमांक जारी किया जावेगा। प्रवेशित छात्रों द्वारा निर्धारित नामांकन शुल्क ऑनलाइन द्वारा ही जमा किया जावेगा। निर्धारित नामांकन शुल्क जमा होने के पश्चात ही महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा नामांकन फार्म का सत्यापन किया जावे।

स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित सत्र 2019–20 में ऐसे छात्र जिनका विश्वविद्यालय में पूर्व से नामांकन नहीं है, वे भी एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से नामांकन हेतु पंजीयन करावें।

जिन छात्रों को इस विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक पाठ्यक्रम में ऑनलाइन/ऑफलाइन के माध्यम से नामांकन प्राप्त हुआ है उन्हें भी प्रवेशित पाठ्यक्रम (स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर) के लिये ऑनलाइन पंजीयन आवश्यक है। (ऐसे छात्रों को नामांकन शुल्क देय नहीं है।)

ऑनलाइन पंजीयन की तिथि दिनांक 01.09. 2019 से 15.10. 2019 तक। 15.10.2019 के उपरान्त ऑनलाइन नामांकन कराने पर नियमानुसार निर्धारित बिलम्ब शुल्क देय होगा।

महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा सत्यापन 01.09. 2019 से 20.10. 2019 तक मान्य। नामांकन फार्म सत्यापन उपरान्त **विश्वविद्यालय कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज (जैसे– मूलप्रति माइग्रेशन, अर्हतादायी अंकसूची, अन्य आवश्यक शुल्क नियमानुसार जो देय है पूर्ति होने पर ही, सत्यापन करें) सहित दिनांक 21.10. 2019 तक, अनिवार्यतः जमा करें।** अन्यथा की स्थिति मे नामांकन जारी नही किया जावेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, प्रभारी आचार्य का होगा।

विशेषः– (1) महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग से हार्डकापी प्राप्त होने उपरांत ही नामांकन जारी किया जावेगा, अन्यथा नहीं।
(2) निर्धारित तिथि में मूलप्रति दस्तावेज प्राप्त ना होने पर निर्धारित विलम्ब शुल्क देय होगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा बल्लभ भवन भोपाल (म.प्र.)।
02. आयुक्त उच्च शिक्षा सतपुड़ा भवन भोपाल (म.प्र.)।
03. अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग रीवा/शहडोल संभाग की ओर इस आशय के साथ की कृपया रीवा/शहडोल संम्भाग के सभी महाविद्यालयों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने का कष्ट करे।
04. अधिष्ठाता छात्र कल्याण अवधेश प्रताप सिहं विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)।
05. **प्राचार्य** समस्त महाविद्यालय(उत्कृष्ट, स्वशासी, शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त महा वि.) जिला रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर।
06. **विभागाध्यक्ष/प्रभारी आचार्य** विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग अ.प्र.सिहं वि.वि. रीवा (म.प्र.)।

क्रमशः

Scanned by CamScanner

07. सम्पादक, दैनिक जागरण, दैनिक आलोक, कीर्तिक्रान्ति, रीवा दैनिक भास्कर, देशबन्धु, नवभारत, नवस्वदेश सतना द्वारा रीवा कार्यालय, दैनिक समय, दैनिक जनबोध शहडोल, विन्ध्य टाइगर सीधी, स्वतंत्रमत जबलपुर द्वारा रीवा कार्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि कृपया उक्त जानकारी छात्र हित में अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने की कृपा करें।

08. केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी रीवा/शहडोल की ओर भेजकर निवेदन है कि कृपया उक्त जानकारी अपने स्थानीय कार्यक्रमों में छात्र हित में अधिकाधिक निःशुल्क प्रसारित करने की कृपा करें।

09. डॉ पी. के. राय, नोडल अधिकारी अवधेश प्रताप सिहं वि.वि.रीवा (म.प्र.)/वि.वि.की वेबसाइट में अपलोड किये जाने हेतु।

10. प्रचार्य, अग्रणी महाविद्यालय रीवा, सतना सीधी, शहडोल , सिंगरौली , अनूपपुर , उमरिया ।

11. वित्त नियंत्रक अवधेश प्रताप सिहं विश्वविद्यालय रीवा। विकास विभाग/परीक्षा विभाग अ.प्र. सिहं वि.वि. रीवा।

12. सहायक कुलसचिव गोपनीय/परीक्षा अ.प्र. सिहं विश्वविद्यालय रीवा।

13. माननीय कुलपति जी के निज सचिव एवं कुलसचिव के निज सहायक अवधेश प्रताप सिहं विश्वविद्यालय रीवा।

14. स्वागत काउन्टर/सूचना पटल।

उप कुलसचिव परीक्षा

Scanned by CamScanner